# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

**सोमवार, तिथि 2 जुलाई, 1990 ई०**

**( भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित )**

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में सोमवार, तिथि 2 जुलाई, 1990 ई० को पूर्वाह्न 11.00 बजे अध्यक्ष **श्री गुलाम सरवर** के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना
तिथि : 2 जुलाई, 1990 ई०

चन्द्रशेखर शर्मा
सचिव
बिहार विधान-सभा

---

**श्री लालू प्रसाद** : माननीय सदस्य श्री सूरज मंडल ने जमशेदपुर के बागमेंरा थाना गोलीकांड क संबंध में सवाल उठाया है । कल मेरे साथ माननीय सदस्य श्री सूरज मंडल और श्री शिबू सोरेन, सांसद भी गए थे । अध्यक्ष महोदय, अगर आपका निदेश हो तो 5.00 बजे के बाद उसपर हम वक्तव्य दे देंगे सदन में ।

**श्री रमेन्द्र कुमार** : अध्यक्ष महोदय, हम चाहेंगे कि माननीय मुख्यमंत्री बेतिया राज के चनपटिया, जहां कल फायरिंग हुई है, और एक आदमी मारा गया है, के बारे में भी वक्तव्य दें ।

**अध्यक्ष** : अब शुन्यकाल प्रारंभ होता है ।

## शून्यकाल की चर्चाएं :

**(क) मगध महिला कॉलेज में एम.ए (म्यूजिक) की पढ़ाई जारी रखन हेतु ।**

**श्री राम जतन सिन्हा** : महोदय, म्यूजिक में बी.ए. (ऑनर्स) एवं एम.ए. की पढ़ाई की सुविधा एवं व्यवस्था पटना विश्वविद्यालय के एकमात्र कॉलेज मगध महिला कॉलेज में प्राप्त थी, परन्तु इस वर्ष बी.ए (ऑनर्स) पास करनेवाली छात्राओं को एम.ए. में नामांकन प्राचार्या, मगध महिला कॉलेज द्वारा अस्वीकार कर दिये जाने से, इन छात्राओं के कैरियर पर संकट पैदा हो गया है और वैसी छात्राएं जो प्रथम श्रेणी (म्यूजिक) से पास की है तथा एम.ए. अध्ययन की आर्हताएं रखती है, उच्च शिक्षा से वंचित रह जायेगी ।

इस ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवश्यक कदम उठाने की मांग करता हू ताकि इन छात्राओं का एम.ए. (म्यूजिक) में नामांकन हो सके ।

**श्री युगेश्वर झा :** अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रिभीलेज मोशन का क्या हुआ?

**अध्यक्ष :** आपका प्रिभीलेज मोशन मिल गया है हम उसको देख रहे हैं ।

**( ख ) पी.एम.सी.एच में एक्सरें फिल्म का आभाव :**

**श्रीमति ज्योति :** अध्यक्ष महोदय, पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पटना, बिहार वासियों के जीवन रक्षार्थ राज्य स्तर पर सबसे बड़ा अस्पताल है जहां से लोगों को अच्छी उपचार की आशा हैं । 1950 से अभी तक यह पहली घटना है कि अस्पताल में रोगियों के लिए एक्स-रे फिल्म नहीं है । लाचार रोगी बाहर जाकर एक्स-रे नहीं करा सकता । ऐसी परिस्थति में रोगी का जान जाना निश्चित है ।

कारटेज 14 में श्याम नारायण पासवान भर्ती है जिसका केस न. ई.आर.एस./2821 है । पेट का अपरेशन हुआ है । डाक्टर ने 30.6.90 को अतिशीघ्र छाती का एक्स-रे कराने को लिखा तो विभाग से रजिस्टर में लिखकर भेजा गया कि एक्स-रे फिल्म उपलब्ध नहीं है ।

अतः सरकार से मैं मांग करती हूं कि जनहित के लिए अस्पताल में एक्स-रे फिल्म अतिशीघ्र उपलब्ध कराई जाय । साथ ही फिल्म नहीं उपलब्ध रहने की जांच की जाय ।